मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक : छोटेलाल शर्मा**




वर्ष - 11 | अंक -29 | मुंबई, सोमवार, दिनांक ०८ अप्रैल से १४ अप्रैल २०२४ | पृष्ठ : 04 | कीमत : 3 /- रुपये



विश्व भर में सुप्रसिद्ध भारतीय उद्योगपती मुकेश अंबानी और उनके चिरंजीव अनंत अंबानी ने श्रीसिद्धिविनायक बाप्पा का दर्शन लिया।मंदिर ट्रस्ट के विश्वस्त सर्वश्री राजाराम देशमुख ने उन्हें मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित सामाजिक कार्यों की विधिवत जानकारी दी और श्रीसिद्धिविनायक बाप्पा की आकर्षक मूर्ति और अंग वस्त्र देकर पिता पुत्र का सम्मान किया। (फोटोःकपिलदेव खरवार)



उत्तर प्रदेश जौनपुर के भाजपा उम्मीदवार महाराष्ट्र के पूर्व कैबिनेट मंत्री माननीय श्री कृपा शंकर सिंह जी से उत्तर भारतीय संघ भवन बीकेसी में सामूहिक मुलाकात हुई. साथ में हरिशंकर शर्मा.

# मनपा को गड्ढे भरने के लिए लगाने पड़ेंगे चुनाव आयोग के चक्कर

## स्कूली बच्चों को दी जाने वाली सामग्री के लिए भी लेनी होगी मंजूरी

**मुंबई :** मानसून के दौरान सड़कों पर पड़ने वाले गड्ढों को भरने के लिए मनपा हर साल ठेकेदारों को काम देती है। लोकसभा चुनाव के चलते लगी आचार संहिता के कारण मनपा को अब गड्ढे भरने के लिए राज्य चुनाव आयोग के समक्ष चक्कर लगाने होंगे। इसी तरह स्कूली बच्चों को हर साल दी जाने वाली 27 वस्तुओं को देने के लिए भी चुनाव आयोग की मंजूरी लेनी पड़ेगी। चुनावी आचार संहिता लगने के कारण इस साल सेवा सुविधा मुहैया कराने में परेशानी हो सकती है।








मनपा के सामने इस तरह की सेवा सुविधा देने के लिए पहले से तैयारी नहीं होने के कारण मनपा के सामने परेशानी बढ़ गई है। उल्लेखनीय है कि मानसून के पूर्व सड़क पर बनने वाले गड्ढों को भरने के लिए ठेका देना पड़ता है। खासकर जो सड़क डी एल पी में नहीं है, उन सड़कों पर पड़े गड्ढों को भरने के लिए ठेकेदार की नियुक्ति करनी पड़ती है। मनपा प्रशासन द्वारा इस साल सड़कों पर पड़ने वाले गड्ढों को भरने के लिए दिए जाने वाले ठेका अभी तक नहीं दिए जाने से मनपा को अब ठेका देने के लिए राज्य चुनाव आयोग से मंजूरी लेनी पड़ेगी। मनपा प्रशासन ने डी एल पी सड़क की भी मरम्मत करने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। लोकसभा चुनाव जून महीने में खत्म हो रहा है।



उत्तर शक्ति हिंदी दैनिक न्यूजपेपर के संपादक ओमप्रकाश प्रजापति एवं प्रबंध संपादक डॉ शेषधर बिंद द्वारा कदम कदम पर के संपादक छोटेलाल शर्मा जी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते हुए. साथ में संवाददाता नेहा सिंह

# एमएनएस की शिवाजी पार्क में गुड़ी पड़वा का आयोजन



**मुंबई :** लोकसभा चुनाव का महासंग्राम शुरू हो चुका है और पहले चरण के मतदान में अब कुछ ही दिन बचे हैं. पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को है. सभी राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों की सूचियां जारी हो रही हैं लेकिन मनसे इस लड़ाई में कहीं नजर नहीं आ रही है. इसलिए तरह-तरह की चचाएं उठीं. लेकिन अब एमएनएस और राज ठाकरे दोनों सक्रिय हैं और 9 तारीख गुड़ी पड़वा के दिन एमएनएस की बैठक होगी. मनसे नेता प्रकाश महाजन ने बताया कि यह चुनाव जटिल और पेचीदा है, इसलिए राज साहब इसके बारे में सोच रहे होंगे, जब राज साहब शांत होते हैं तो ज्यादा सोचते हैं.

9 तारीख को एमएनएस ने शिवाजी पार्क में गुड़ी पड़वा का आयोजन किया है. लोकसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में हो रहे इस गुड़ी पड़वा मेले में राज ठाकरे क्या कह रहे हैं, इस पर सबकी नजर है. इस पर मनसे नेता प्रकाश महाजन ने भी प्रतिक्रिया दी है. चर्चा है कि सभी पार्टियां लोकसभा रण की तैयारी कर रही हैं, लेकिन मनसे चुप है. उन्होंने कहा, 'हम शांत नहीं हैं, लेकिन राज ठाकरे पड़वा की बैठक में चुनाव को लेकर फैसले की घोषणा करेंगे. 14 सीटें गईं तो भी 34 सीटें रहेंगी, पार्टी ने निर्देश दिया है कि राज साहब ही इस संबंध में निर्देश देंगे.' इस बीच राज ठाकरे ने दिल्ली जाकर बीजेपी नेता अमित शाह से मुलाकात की. उनसे चर्चा की गई. बाद में राज ने मुंबई में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से चर्चा की. उसके बाद राज ठाकरे दोबारा राजनीतिक चचाओं में नहीं दिखे. ऐसे में राज ठाकरे को लेकर सस्पेंस बढ़ गया है.

# पानी को लेकर विरोध प्रदर्शन... पोस्टर में लिखा- 'नो वॉटर, नो वोट...'




**मुंबईः** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव को लेकर जहां सियासी दलों का प्रचार अभियान जोर शोर से जारी है, तो वहीं, जनता भी अपनी मांगों को लेकर अब सड़कों पर उतरना शुरू कर दी है. महाराष्ट्र के पुणे में लोगों ने लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का एक तरह से ऐलान किया. पुणे के शिवाजी नगर के खैरेवाड़ी इलाके में लोगों ने पानी की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रहीं. पुणे के शिवाजी नगर के खैरेवाड़ी इलाके में लोगों ने पानी नहीं तो वोट नहीं के बैनर लेकर राजनीतिक पार्टियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. लोगों का कहना था कि जबतक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता है लोग चुनाव का बहिष्कार करने का मन बना चुके हैं.

**पुणे के शिवाजीनगर में पानी को लेकर प्रदर्शन**

महाराष्ट्र में पुणे के शिवाजी नगर के खैरेवाड़ी इलाके में निवासियों ने 'नो वाटर नो वोट' का बैनर लगाया. इस दौरान सभी लोग सड़कों पर उतरकर पानी नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए. इस इलाके के लोगों ने अपर्याप्त जल आपूर्ति को लेकर विरोध प्रदर्शन किया. लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान किया जाए. अगर ऐसा नहीं होता है तो वो चुनाव में वोट नहीं डालेंगे. पुणे के शिवाजी नगर के खैरेवाड़ी इलाके के लोगों का आरोप है कि उनके इलाके में अपर्याप्त वाटर सप्लाई है, जिसकी वजह से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. महाराष्ट्र में लोकसभा की कुल 48 सीटें हैं. राज्य में सभी सीटों पर कुल पांच चरणों में वोट डाले जाएंगे. पहले चरण यानी 19 अप्रैल को रामटेक, नागपुर, भंडारा-गोंदिया, गढ़चिरौली-चिमूर और चंद्रपुर में मतदान है. पुणे में चौथे चरण यानी 13 मई को वोटिंग है. चौथे चरण में पुणे के अलावा जलगांव, नंदुरबार, रावेर, जालना, औरंगाबाद, मावल, शिरूर, अहमदनगर, शिरडी और बीड लोकसभा सीट पर मतदान होंगे.

# वसई में चालक के कार से नियंत्रण खो देने से कार सड़क किनारे पलट गई... 6 लोग घायल




**वसई :** महाड-विन्हेरे रोड पर वसई से विन्हेरे जा रहे एक चार पहिया वाहन का एक्सीडेंट हो गया। चालक के कार से नियंत्रण खो देने से कार सड़क किनारे पलट गई। इस हादसे में छह लोग घायल हो गये. वसई से कुछ यात्री कार से विन्हेरे जा रहे थे. इस बीच, शुक्रवार की सुबह करीब एक बजे महाड के पास शिरगांव ग्राम पंचायत क्षेत्र में गोमंतक होटल के पास सड़क पर अचानक मवेशी आ जाने से तेज रफ्तार कार के चालक ने तुरंत कार ब्रेक लगा दी. लेकिन इस ब्रेक से कार सड़क पर जाकर पलट गई और पेड़ों में फंस गई.

सागर वसंत गुंजल (उम्र 30), रोशन कृष्ण मोहन त्रिपाठी (उम्र 28), सोनू राजाराम पटेल (उम्र 30), राजेश मुकुंद निर्भवते (उम्र 50), पंकज प्रकाश पवार (उम्र 50) और देवदत्त वासुदेव घाटी (उम्र 30) घायल हैं। और उन्हें इलाज के लिए महाड के एक ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# ठाणे जिले में बच्चों को नमकीन खरीदने के लिए पैसे देने पर एक व्यक्ति की पिटाई...

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बच्चों को नमकीन खरीदने के लिए पैसे देने पर एक व्यक्ति की पिटाई का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में शुक्रवार को दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। यह घटना उस समय हुई जब शिकायतकर्ता भिवंडी इलाके में एक दरगाह जा रहा था। इस दौरान दो बच्चे शिकायतकर्ता के पास आए और उससे नमकीन खरीदने के लिए पैसे मांगे। यह घटना उस समय हुई, जब 25 वर्षीय शिकायतकर्ता भिवंडी इलाके में एक दरगाह जा रहा था। इस दौरान दो बच्चे शिकायतकर्ता के पास आए और उससे नमकीन खरीदने के लिए पैसे मांगे। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों ने पीड़िता को यह बताने के लिए बाध्य किया कि उसने बच्चों को पैसे क्यों दिए हैं।

पुलिस ने बताया कि इस दौरान दोनों ने कथित तौर पर पीड़िता को लकड़ी की छड़ी और बेल्ट से पिटाई कर दी। पुलिस ने दोनों की पहचान अमीर कुरैशी और आरिफ कुरैशी के रूप में की है। अधिकारी ने आगे कहा कि पीड़ित का इलाज एक स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा। उन्होंने आगे बताया कि आरोपियों के खिलाफ खतरनाक हथियारों या साधनों से जानबूझकर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया है।

चैत्र नवरात्र गुढी पाडवा
की हार्दिक शुभकामनाएं





सतिंदर पाल सिंह आहूजा
(अध्यक्ष - आहूजा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज)

## संपादकीय



छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# निकम्मा व्यवस्था

अभी नवरात्रि आगमन की सूचना भर ही थी कि श्रद्धालुओं ने ज्वालामुखी मंदिर की व्यवस्था को निकम्मा साबित कर दिया। सप्ताहांत पर्यटन की शुमारी में बड़े मंदिर के दर्शन छोटे हो गए, तो उस दावे को पलीता लग गया जो हिमाचल में पांच करोड़ पर्यटकों का इंतजार कर रहा है। हम कारणों को समझे बिना व्यवस्था-व्यवस्था चिल्लाते हैं, जबकि न तो योजना की परिकल्पना और न भविष्य की संरचना में कुछ हो रहा है। सारे पर्यटन की मुट्ठी में होटलों को भरने की कोशिश इस कद्र हावी है कि सत्ता का हर पक्ष भी सरकारी होटलों में अपना नाम देखता है। हर सत्ता की निगाह में मंदिर आए जरूर, लेकिन कमाई के भोजपत्र पर सरकारी घोषणाओं का कब्जा होता रहा। मंदिर तब तक भवन थे, जब तक श्रद्धालु पर्यटक नहीं थे। अब वे पर्यटक ज्यादा, श्रद्धालु कम हैं। हिमाचल के बड़े मंदिरों के दर्शनार्थी बढ़ गए, लेकिन दर्शन बड़े नहीं हुए। कारण जितने ज्वालाजी में हैं, उतने ही चिंतपूर्णी, दियोटसिद्ध या किसी अन्य मंदिर परिसर में होंगे। हमने दक्षिण भारतीय मंदिरों का अध्ययन करने के लिए खर्च तो उठाया, लेकिन रिपोर्ट बनाकर भी सीखा कुछ नहीं। ऐसे में सवाल मंदिर परिसर की अफरा-तफरी तक ही नहीं, बल्कि सडक से हर सफर तक देखे जाते हैं। हम पर्यटन की तमाम घोषणाओं और परियोजनाओं में बड़ी मंजिलों का गुणगान सुनते हैं, लेकिन यह अभी नहीं जान पाए कि हिमाचल में करीब अस्सी फीसदी सैलानी या तो मंदिर यात्री के रूप में आए या धार्मिक पर्यटन ने इन्हें डेस्टिनेशन टूरिज्म तक पहुंचा दिया।

न पर्यटन के सेतु देखे गए और न ही यह प्रयास हुआ कि किस तरह धार्मिक स्थलों को आर्थिकी का स्थायी स्तंभ बनाया जाए। कल अगर सरकार को सैलानियों की तादाद में पर्यटन देखना है, तो सर्वप्रथम मंदिर परिसर और धार्मिक शहरों का मास्टर प्लान एवं गवर्निंग बाडीज स्थापित करनी होगी। मंदिर पर्यटन को धार्मिक पर्यटन का आकार देना तभी संभव होगा, यदि इसके लिए एक केंद्रीय मंदिर ट्रस्ट तथा मंदिर विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए। मंदिर आय के सही इस्तेमाल को अगर तरजीह व अनुशासित निगाह मिले, तो इससे न केवल वांछित व शहरी विकास, बल्कि आर्थिकी का संचार भी होगा। सवाल परिक्रमा का नहीं, बल्कि परिदृश्य को बदलने का है। मंदिरों की शक्ति में पर्यटन की अहमियत को स्वीकार करें, तो योजनाओं के किरदार बदलेंगे। अब तक मंदिर आय पर सियासी तथा प्रशासनिक दृष्टि केवल दोहन भर की रही है, जबकि इन्हें सर्किट के रूप में विकसित करना होगा। आय-व्यय के कुचक्र में मंदिरों में न तो प्रशासनिक सुधार हुए और न ही क्षमता का विस्तार किया गया। उदाहरण के लिए ज्वालाजी मंदिर को अगर धार्मिक केंद्र के रूप में निखारना हो तो व्यापक शहरी विकास योजना का खाका बनाना पड़ेगा। मंदिर परिसर का क्षेत्रफल आठ से दस किलोमीटर तक सुव्यवस्थित करते हुए पार्किंग, मनोरंजन, व्यापारिक तथा धार्मिक मान्यताओं से जुड़े स्थलों को एक साथ नत्थी किया जा सकता है। ज्वालाजी मंदिर परिसर के साथ नादौन में ध्यानू भक्त की समाधि को जोड़ा जा सकता है, जबकि गरली-परागपुर जैसे धरोहर गांव भी इसकी परिधि में आकर विविध सुविधाओं में इजाफा कर सकते हैं। ज्वालाजी परिसर के साथ ब्यास नदी में जल क्रीड़ाएं तथा एक कला केंद्र का विस्तार किया जा सकता है। मंदिरों की आय बढ़ाने के लिए अभी तक सिर्फ श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए जा रहे सिक्के गिने जाते रहे हैं, जबकि धार्मिक स्थल की गतिविधियों तथा अधोसंरचना निर्माण को आगे बढ़ाकर ही आर्थिकी बढ़ेगी। बतौर संस्कृति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने वीआईपी दर्शन करवा कर ही चिंतपूर्णी मंदिर की आय में दो करोड़ अर्जित करवा दिए, तो ऐसे अनेक समाधानों से हिमाचल करीब आधा दर्जन धर्म स्थलों पर केंद्रित आर्थिकी को पांच करोड़ तक पहुंचा सकता है, बशर्ते शिमला के नीतिकार पर्यटन की आस्था को मंदिरों में समझें। अब तक मंदिरों की आय का सदुपयोग नहीं हुआ है, जबकि इस पर आधारित व्यय से धार्मिक पर्यटन व श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बढ़ावा मिलना चाहिए। मंदिर दर्शन को एक व्यापक परिक्रमा के जरिए धार्मिक पर्यटन बनाने की जरूरत है।

# कामाख्या देवी के रूप में पूंजी जाती है चुनार की मां दुर्गा

## मिट्टी की हाथी चलायमान कर कवलपुरी गोस्वामी ने भक्ति का दिया था प्रमाण

### मंदिर से जुड़ी है क्षेत्र के लोगों की अटूट आस्था

**(शिवा शर्मा की कलम से)**

**चुनार।** दुर्गा जी राजगढ़ मार्ग पर स्थित दुर्गा मंदिर से भक्तो की अटूट आस्था जुड़ी हुई है।पहाडी वादियों में विराजमान मां दुर्गा कामाख्या देवी के रूप में पूजी जाती है।मंगलवार से शुरू होने वाले नवरात्रि में माता के दर्शन पूजन की तैयारी की व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन एवं मंदिर के पुरोहित लगे हुए हैं। मंदिर के आसपास की साफ सफाई, प्रकाश की व्यवस्था के साथ ही वाहन स्टैंड बनाया गया है। मंदिर के महात्म के बारे में पुजारी शिवानंदपुरी ने बताया कि युगों पूर्व विन्ध्य पर्वत की इस पहाडी श्रृंखला में जहां मंदिर स्थित है वहां कवलपुरी गोस्वामी नामक एक साधक आए और वह मां की आराधना करने लगे, उनकी भक्ति भाव से प्रसन्न होकर एक दिन मां दुर्गा उन्हें स्वप्न में आई और बोली कि मैं तुम्हारी भक्ति भाव से अति प्रसन्न हूं मैं इसी पहाड़ी श्रृखंला में विराजमान हूं मुझे बाहर निकालो और मंदिर का



चुनार राजगढ़ मार्ग पर स्थित दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति।

निर्माण कराकर पूजा पाठ शुरू इससे जन कल्याण होगा। सुबह कवलपुरी गोस्वामी ने आसपास के लोगों को स्वप्न में मां दुर्गा को आने और मंदिर निर्माण कराने की बात कही जिस पर लोगों को विश्वास नही हुआ और उन्होंने कवलपुरी गोस्वामी से कहा कि यदि सच में मां तुम्हारे स्वप्न में आकर मंदिर निर्माण कराने को कही है तो तुम्हें प्रमाण देना होगा।कवलपुरी गोस्वामी ने लोगों की बात सुनकर अपनी भक्ति का प्रमाण देने के लिए मिट्टी का एक विशालकाय हाथी बनाया और मां दुर्गा का नाम लेकर उसे चलायमान कर दिखाया जिससे बाद क्षेत्र के लोगों को कवलपुरी गोस्वामी के भक्ति पर विश्वास हुआ और उसके बाद लोगों ने भव्य रूप से मंदिर का निर्माण कराया और दर्शन पूजन शुरू किया।मंदिर पर स्थानीय व अन्य जिले के देवी भक्त चैत नवरात्रि एव शारदीय नवरात्रि के साथ ही अन्य दिनों में भी मंदिर पर दर्शन पूजन, विवाह एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान करने आते हैं।

# संजय शिरसाट ने की राज ठाकरे से मुलाकात, गठबंधन को लेकर चर्चाएं तेज

**मुंबई:** महाराष्ट्र की राजनीति में पिछले कुछ दिनों से एक मुद्दा बहुत चर्चा का विषय बना हुआ है और वो है राज ठाकरे का महायुति के साथ गठबंधन। इसे लेकर बातचीत चल रही है, वहीं अब शिंदे गुट के विधायक संजय शिरसाट ने राज ठाकरे से मुलाकात की है। मिली जानकारी के मुताबिक, यह मुलाकात राज ठाकरे के शिवतीर्थ पर हुई और कहा जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे



तक बातचीत हुई।

ऐसे में अब कहा जा रहा है कि इस बैठक में राजनीतिक चर्चा हुई है और संभावना जताई जा रही है कि गठबंधन पर भी चर्चा होगी। हालांकि, शिरसाट ने कहा है कि राज ठाकरे की मुलाकात में कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई। देखा जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से राज ठाकरे और महायुति नेताओं के बीच मुलाकातें बढ़ती जा रही हैं।

# स्वामी विवेकानन्द प्रतिष्ठान द्वारा होली स्नेह मिलन सम्मेलन सम्पन्न

**मुंबई:** सायन-कोलीवाड़ा स्थित समाज मंदिर हॉल में गुरूवार ४ अप्रैल की शाम फागोत्सव एवं होली स्नेह मिलन सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानन्द प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ह्यफगुआ का रंग फूलों से संगह्व एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद राहुल शेवाले, विधायक प्रसाद लाड, भाजपा नेता संजय उपाध्याय, मुंबई मनपा के पूर्व विरोधी पक्ष नेता रवि राजा, पूर्व नगरसेवक विनोद मिश्रा, अमित शेट्टी




मौजूद थे।

इस दौरान सभी अतिथियों का नागरिक अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजेश रस्तोगी ने किया था।



**इंदोर.** (राऊ.) निवासी. महाराष्ट्र. मध्य प्रदेश. के चहिते दानदाता. समाजसेवी. कर्तव्यनिष्ठ. उत्साही. हसतमुख. मृदभाषी. सबको साथ लेकर चलनेवाले. ओंकारेश्वर क्षेत्रन्यास के वरिष्ठ उपाध्यक्ष: श्री.मोहनलालजी चांगलजी, सौ. मिनाबाई मोहनलालजी चांगलजी .आपको आपके विवाह वर्षगाठ की. हार्दिक. हार्दिक. शुभकामनाये. एवं: बधाई. राजस्थान,महाराष्ट्र. प्रदेश श्री. नारायणी सेना संघटन के, अध्यक्ष: उपाध्यक्ष: सभी मान्यवर पदाधिकारी की और से. बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाये. जय श्री राधे राधे. जय श्री कृष्ण. जय जिनेन्द्र. राम राम सा.नमस्कार. ।।हमारा सेन समाज हमारा परिवार. ।। ।। जयसेन. ।। ।। जय श्री नारयणी माता की जय.।

**बधाई एवं शुभकामनाएँ, अभिनंदन.**

**अशोक पवार**
**प्रदेश अध्यक्ष,**

**गोपाल** lilde
**प्रदेश सचि**
**राजस्थान प्रभारी.**
**सभी मान्यवर पदाधिकारी.**


राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
**शंकर शर्मा (शिवा)**
मीडिया प्रभारी, उत्तर प्रदेश।
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३


# एआईएमसीईए की विचार गोष्ठी संपन्न

दिनांक 31 मार्च 2024 को पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार श्रीमती रीता शर्मा तहसील अध्यक्ष तहसील ओबरा के नव सृजित आवास बाबा धुलाई के पास एआईएमसीईए की विचार गोष्ठी जिला अध्यक्ष सोनभद्र माननीय संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न किया गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय रघुनाथ प्रसाद शर्मा नंद राष्ट्रीय अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय जंगीलाल शर्मा मंडल संरक्षक, माननीय रवि शंकर शर्मा मंडल अध्यक्ष विंध्याचल मंडल मिजार्पुर एवं झल्लन शर्मा प्रदेश संगठन सचिव एवं आजमगढ़ मंडल प्रभारी, माननीय वीरेंद्र कुमार शर्मा जिला महासचिव सोनभद्र रहे, माननीय राजन शर्मा जिला कोषाध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में संगठन को और अधिक सुदृढ़ करने तथा शिक्षा पर जोर दिया, माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलित कर बुद्ध वंदना कराया गया और भावार्थ सहित व्याख्या किया गया, इस अवसर पर



माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में अर्जुन प्रसाद शर्मा एडवोकेट को नगर इकाई ओबरा का अध्यक्ष एवं श्री चंद्रकांत शर्मा को सचिव सर्वसम्मति से चयन किया गया, इस कार्यक्रम में माननीय संतोष कुमार शर्मा द्वारा शिक्षित बनो ,संगठित हो ,संघर्ष करो का विस्तृत विश्लेषण करते हुए वक्तव्य दिया गया माननीय अर्जुन प्रसाद शर्मा एडवोकेट,बार एसोसिएशन तहसील ओबरा के अध्यक्ष पद के विजेता को अंग वस्त्र से राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया, इस अवसर पर श्री राहुल शर्मा प्रयागराज, प्रदीप कुमार सविता, शशि शर्मा, बाबू लाल शर्मा वरिष्ठ नागरिक,धर्मेंद्र कुमार शर्मा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,श्री शिव प्रसाद शर्मा वरिष्ठ नागरिक, श्री नागेंद्र कुमार ठाकुर, श्री सुरेश चंद्र शर्मा अध्यापक ,हरिशंकर शर्मा संगठन सचिव ,दयाशंकर शर्मा ,गोविंद शर्मा ,श्याम नारायण शर्मा जिला संरक्षक ,अशोक कुमार शर्मा,बंशीधर शर्मा कार्यालय अधीक्षक जिला पंचायत रावटसगंज ,विपिन कुमार शर्मा, विकास शर्मा ,मुरलीधर शर्मा बड़े बाबू जिला पंचायत मिजार्पुर ,आदित्य शर्मा श्री विक्की शर्मा एवं श्रीमती रीता शर्मा तहसील अध्यक्ष ओबरा, सविता कुमारी तहसील सचिव ओबरा, श्रीमती रूपा शर्मा, श्रीमती सीता देवी, श्रीमती प्रमिला देवी, श्रीमती प्रतिमा शर्मा, श्रीमती पुष्पा देवी प्रचार सचिव, तहसील ओबरा श्रीमती कृष्णा देवी ,श्रीमती निधि शर्मा एवं अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे ,कार्यक्रम का संचालन झल्लन शर्मा संगठन सचिव उत्तर प्रदेश आजमगढ़ मंडल प्रभारी ने किया धन्यवाद आपका ही अपना झल्लन शर्मा प्रदेश संगठन सचिव एवं आजमगढ़ मंडल प्रभारी तथा जिला योग विस्तारक जनपद सोनभद्र पतंजलि योगपीठ हरिद्वार.

# मुंबई नॉर्थ में पीयूष गोयल को नागरिक घोषणापत्र सौंपा

**मुंबईः** रहेजा एस्टेट एसोसिएशन और मुंबई मार्च, एक जनसमूह ने शुक्रवार को वाणिज्य और उद्योग मंत्री और दहिसर, मगाथेन, बोरीवली, कांदिवली, मलाड और गोरेगांव वाले मुंबई उत्तर निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा उम्मीदवार पीयूष गोयल को अपना नागरिक घोषणापत्र सौंपा। घोषणापत्र में पर्यावरण, बुनियादी ढांचे और झुग्गी पुनर्वास से संबंधित चिंताओं पर प्रकाश डाला गया है। 17.75 लाख मतदाताओं के साथ, मुंबई उत्तर मुंबई के छह लोकसभा क्षेत्रों में सबसे बड़ा है। मुंबई मार्च से गोपाल झावेरी ने सिंगापुर की सार्वजनिक आवास प्रणाली के समान मॉडल की वकालत करते हुए उपेक्षित झुग्गी पुनर्वास योजनाओं (एसआरए) के महत्वपूर्ण मुद्दे पर जोर दिया। उन्होंने मुंबई के स्लम मुक्त होने तक स्लम पुनर्विकास में बिक्री योग्य घटक को कम करने का प्रस्ताव रखा।

झावेरी ने सरकार से बीएमसी की सावधि जमा, म्हाडा, केंद्र सरकार और प्रधान मंत्री आवास योजना सहित विभिन्न स्रोतों से उपलब्ध धन का लाभ उठाते हुए, झुग्गी सुधार की पूरी जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य एजेंसियों, म्हाडा या एमएमआरडीए को सिंगापुर जैसे सफल मॉडल से प्रेरणा लेते हुए, 1400 क्लस्टरों में 20 लाख फ्लैटों वाली 4,000 इमारतें विकसित करनी चाहिए। झावेरी ने कहा कि मौजूदा एसआरए योजना के तहत पिछले 30 वर्षों में केवल दो घरों का निर्माण किया गया है। इस गति से, मुंबई को झुग्गी मुक्त होने में 230 साल लगेंगे।



40 मुख्य सदस्यों और 1,000 से अधिक स्वयंसेवकों को शामिल करते हुए, मुंबई मार्च टीम पिछले पांच वर्षों से सिंगापुर मॉडल और यूएन हैबिटेट रिपोर्ट को संदर्भ के रूप में उपयोग करके इस पहलू पर काम कर रही है।

संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान (एसजीएनपी) में आदिवासी पुनर्वास को भी घोषणापत्र में जगह मिली है। झावेरी ने कहा कि पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच के बिना पार्क के भीतर 20 एकड़ भूमि पर रहने के बावजूद, आदिवासियों को उच्च न्यायालय द्वारा अतिक्रमी माना जाता है, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने उनके निष्कासन पर रोक लगा दी है। इसके अतिरिक्त, 320 एकड़ भूमि पर, प्लास्टिक प्रदूषण, शराब की खपत, शोर और वाहन उत्सर्जन जैसे मुद्दों के कारण मनुष्यों और जानवरों के बीच संघर्ष होता है। झावेरी ने बेहतर संगठित आवास के लिए उन्हें 50 एकड़ भूमि पर स्थानांतरित करने के लिए वन विभाग के साथ सहयोग करने का प्रस्ताव रखा। मुंबई मार्च ने चारकोप में टर्जन हिल और झील को संरक्षित करने के लिए पारिस्थितिक रूप से महत्वपूर्ण और तनावग्रस्त स्थल की सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया है। ''कोविड के बाद इस जगह पर अतिक्रमण में वृद्धि देखी गई है। यह क्षेत्र प्रवासी पक्षियों के आवास के रूप में कार्य करता है, कई सरीसृपों और यहां तक कि गोल्डन जैकल का भी आवास है,''उन्होंने मांग की कि इस क्षेत्र को मुंबई पक्षी अभयारण्य घोषित किया जाना चाहिए।

झावेरी ने कहा, गोरेगांव में डिंडोशी पहाड़ी ओशिवारा/वलभट नदियों के उद्गम स्थल के रूप में कार्य करती है, लेकिन वर्तमान में यह बिल्डरों द्वारा अतिक्रमण का सामना कर रही है। इस क्षेत्र को 2014-34 की बीएमसी विकास योजना में नो डेवलपमेंट जोन (एनडीजेड) के रूप में नामित किया गया है और यहां तेंदुओं की आबादी रहती है। उन्होंने कहा, ''इस पहाड़ी की अखंडता को संरक्षित करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके परिदृश्य में कोई भी बदलाव भविष्य में बाढ़ का बड़ा खतरा पैदा कर सकता है।'' बोरीवली निवासी और मुंबई मार्च का हिस्सा अविनाश थवानी ने कहा कि पिछले पांच दशकों से, शहर को अपनी विकास योजनाओं में 1967, 1991 से लेकर नवीनतम 2014-34 ब्लूप्रिंट तक की महत्वपूर्ण लापता कड़ियों का सामना करना पड़ा है।

# नाम बदलकर दोस्ती की फिर शादी का झांसा देकर किया रेप...

**अकोलाः** 31 साल की युवती के साथ रेप का मामला सामने आया है. पीड़िता का आरोप है कि नाम बदलकर युवक ने पहले उससे दोस्ती की फिर शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार रेप किया. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पीड़िता ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि आरोपी ने नाम बदलकर उससे दोस्ती की और एक होटल ले गया. जहां उसके साथ रेप किया और उसके कुछ अश्लील फोटो बनाए और ब्लैकमेल कर उसके साथ रेप करता रहा. पीड़िता के मुताबिक मोहसिन इब्राहिम सूर्या (उम्र 35 वर्ष) ने उसके साथ अत्याचार कर रहा था. पीड़िता दिल्ली की रहने वाली है और वो मुंबई किसी के सिलसिल में आई थी. जहां उसकी मुलाकात सूर्या नाम के युवक से हुई थी. बाद में जब उसकी असलियत का पता चला तो वह मोहसिन इब्राहिम निकाला. धोखो देकर उसने कई बार शारीरिक संबंध बनाए. आरोपी ने पीड़िता से शादी का वादा भी किया था लेकिन बाद में वह पलट गया था. वहीं पुलिस का कहना है कि पीड़िता का मेडिकल करवा कर जांच शुरू कर दी है. घटना के बाद से आरोपी फरार है पुलिस उसने पकड़ने का प्रयास कर रही है. आरोपी के खिलाफ धारा 376, 376(2एन), 506 नंबर के तहत मामला दर्ज किया गया है.



## नाम बदलकर दोस्ती की फिर शादी का झांसा देकर किया रेप

**अकोलाः** 31 साल की युवती के साथ रेप का मामला सामने आया है. पीड़िता का आरोप है कि नाम बदलकर युवक ने पहले उससे दोस्ती की फिर शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार रेप किया. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पीड़िता ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि आरोपी ने नाम बदलकर उससे दोस्ती की और एक होटल ले गया. जहां उसके साथ रेप किया और उसके कुछ अश्लील फोटो बनाए और ब्लैकमेल कर उसके साथ रेप करता रहा. पीड़िता के मुताबिक मोहसिन इब्राहिम सूर्या (उम्र 35 वर्ष) ने उसके साथ अत्याचार कर रहा था.

# पनवेल में अवैध रूप से चल रहे चार डंपरों के खिलाफ कार्रवाई...

## सिडको की कार्रवाई !

**पनवेलः** सिडको कॉर्पोरेशन के सतर्कता विभाग ने पनवेल तालुका के कुंडेवहल गांव के पास अवैध रूप से चल रहे चार डंपरों के खिलाफ कार्रवाई की है। नवी मुंबई एयरपोर्ट प्रोजेक्ट से सटी सिडको की जमीन पर अवैध रूप से बड़ी मात्रा में राडार फिलिंग का काम किया जा रहा है. कई गिरोह सक्रिय हैं जो मुंबई से राडारोडा लाकर पनवेल इलाके में छोड़ देते हैं। सिडको बोर्ड के अधिकारी इस संबंध में कई बार बाकायदा मामले दर्ज करा चुके हैं. हालांकि, पुलिस अभी तक इस गिरोह के सरगना को नहीं पकड़ पाई है.

शोर स्वास्थ्य संबंधी खतरों के साथ-साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा




सकता है। इसलिए, सिडको बोर्ड पिछले साल से इस क्षेत्र में स्ट्रीट वेंडरों पर नियंत्रण कर रहा है। सिडको बोर्ड ने बताया कि यह कार्रवाई सिडको बोर्ड के सतर्कता विभाग के मुख्य सतर्कता अधिकारी सुरेश मेंगड़े के नेतृत्व में सतर्कता विभाग, सिडको के सुरक्षा विभाग, इंजीनियरिंग विभाग और पुलिस विभाग के समन्वय से की गई। गुरुवार दोपहर दो बजे जब सिडको की विजिलेंस टीम कुंडेवाल क्षेत्र में घूम रही थी, तभी उन्होंने देखा कि 2 से 4 बजे के बीच सूमरस सर्वे नंबर 37 पर जेसीबी और डोजर की मदद से सड़क समतलीकरण का काम चल रहा था. दोपहर के एक बजे. सिडको अधिकारियों ने यहां से 34 वर्षीय डंपर चालक बब्लू यादव (कुर्ला मुंबई), 39 वर्षीय राकेश कुमार सोनकर (मानखुर्द मुंबई) को डंपर समेत हिरासत में लिया। साथ ही जेसीबी और डोजर के दो डंपर चालक और परिचालक यहां से भाग निकले। इस संबंध में पनवेल सिटी पुलिस स्टेशन में बाकायदा शिकायत दर्ज कराई गई है. सिडको बोर्ड के जनसंपर्क विभाग ने सिडको की वेबसाइट http://www.cidco.maharashrta.gov.in पर सिडको क्षेत्र में अनधिकृत अतिक्रमणकारियों के बारे में जानकारी देने की अपील की है।
















# भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति लोगों के मदत के लिए अग्रसर

**जौनपुर,** दिनांक 6 /4 /2024 को भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था के संरक्षक व सह प्रभारी भदोही श्री पन्नालाल शर्मा जी (चौधरी) के चाचा जवाहर शर्मा जी की तबीयत खराब हुई थी, जिनको दोबारा ब्लड की मांग की गई श्री पन्नालाल शर्मा जी (चौधरी) के द्वारा जैसे ही संस्था अध्यक्ष माननीय दिनेश चंद्र शर्मा जी को यह जानकारी प्राप्त हुआ कि डॉक्टर के द्वारा एक यूनिट ब्लड की मांग की गई है तुरंत संस्था अध्यक्ष जी श्री राम मेमोरियल कॉम्पोनेंट सेंटर मछली शहर में डॉक्टर शैलेश शर्मा से बात करके एक यूनिट उपलब्ध कराया गया जबकि 27/03/2024 को संस्था द्वारा एक यूनिट दिया गया था और समाज को एक संदेश दिए की अपनों की जरूरत के लिए हमारी संस्था हमेशा तात्पर्य है. मनोज कुमार शर्मा प्रधान महासचिव, भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति.



# रोबोटिक्स जगत में एक और नई सफलता अर्जित किया - शुभम शेषधर बिन्द ने...

**गोवा (कदम कदम पर)** गत दिवस जनवरी 2024 आत्मनिर्भर भारत के सपनों का साकार करता हुआ भदोही का लाल शुभम शेषधर बिन्द ने एक बार फिर अपनी कुशल प्रतिभा को दिखाकर स्वर्ण पदक जीत कर रोबोटिक्स जगत में अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर दिया है।

गौरतलब है कि गोवा सरकार का सूचना प्रद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार विभाग एवं इनफिनिटी एक्स - एस. टी. ई. एम. फाउंडेशन के सहयोग से चार दिवसीय गोवा अंतराष्ट्रीय रोबोटिक्स महोत्सव 2024 का आयोजन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम गोवा में 25 से 28 जनवरी तक आयोजित किया गया। इस रोबोटिक्स महोत्सव में प्रतिष्ठत फर्स्ट टेक चैलेंज इंडिया रोबोटिक्स चैंपियनशिप, फर्स्ट लेगो लीग ओपन चैंपियनशिप, फर्स्ट टेक चैलेंज (एफ. टी. सी. ) रोबोटिक्स प्रतियोगिता का प्रदर्शन करने वाली एक रोमांच, आकर्षक, उत्साहवर्धक रोबोटिक्स प्रदर्शन करनेवाली प्रतियोगी शामिल हुई।

एफ. टी. सी. रोबोटिक्स प्रतियोगिता महोत्सव, भारत का एक वार्षिक कार्यक्रम है जो 7 से 12 ग्रेड के छात्रों के लिए बनाया गया है, जिसमें 12 से 18 वर्ष की आयु के प्रतिभागी शामिल होते है । और जिसमें कुशल समर्पित प्रशिक्षकों, सलाहकारों एवं निर्देशित टीमों द्वारा आयोजित किया जाता है।

गोवा अंतराष्ट्रीय रोबोटिक्स महोत्सव 2024 में देश -विदेश से लगभग 72 रोबोटिक्स टीमें शामिल हुई। इस महोत्सव में प्रतिभागियों ने अपना अपना उत्तम प्रदर्शन किए।

कंस्ट्रक्शन हेड और कैड डिजाइनर के रूप में क्युरियस सिटी रोबोटिक्स टीम का संचालन करते हुए शुभम शेषधर बिन्द ने अपनी टीम के प्रतिभागियों के साथ अपनी कुशल, ऊजार्वान प्रतिभा को दिखाकर Innov8 अवार्ड एवं स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

बता दे शुभम बिन्द का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ है जहाँ उनकी माता जी श्रीमती उर्मिला बिन्द जनपद भदोही में एक शिक्षिका पद पर कार्यतर है।



वही पिता जी मायानगरी मुंबई दादर में एक कुशल डॉक्टर होने के साथ बिन्द समाज विकास संघ सामाजिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में समाज को अपनी सेवा दे रहे है।

शुभम बिन्द एक बहुमुखी कुशल प्रतिभावान छात्र है जो रोबोटिक्स, हाई टेक टेक्नोलॉजी, सोशल इंजीनियरिंग में निरंतर अपनी प्रतिभा का कुशल प्रदर्शन देता आ रहा है। शुभम बिन्द ने पिछले वर्ष आयोजित फर्स्ट टेक चैलेंज चैंपियनशिप-2023 भारत रोबोटिक्स महोत्सव जो पुणे में आयोजित किया गया था। अपनी टीम क्यूरियस सिटी का संचालन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया था। फर्स्ट टेक चैलेंज क्यूरियस सिटी टीम को मुंबई की सलाम बॉम्बे ऑर्गनाइजेशन संस्था पूरे भारत से कुशल बच्चो को ढूंढकर आगे बढाने में पूरी मदद करती है।






# तलासरी में आदिवासियों को स्टील के बर्तन एवम भोजन का वितरण



**मुंबई-** मुलुंड के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ समाज सेवी ओमप्रकाश मुरारका के मार्गदर्शन में पालघर के तलासरी तालुका के आदिवासी गांव हाडल पाड़ा में समाज सेविका डॉ.दीपाली मखारिया,श्रीमती मधु कनोई,श्रीमती चंद्रकला मुरारका द्वारा स्टील के बर्तन वितरीत किए गए।

सभी ग्रामवासियों को स्वादिष्ट भोजन एवम आमरस परोसा गया।बच्चों को बिस्कुट पैकेट एवम चाकलेट वितरण किया गया। यह समाज सेवकों का परिवार हर दूसरे माह आदिवासियों के गांव जाकर यथोचित सेवा प्रदान करते हैं।

















# एम.डी. ड्रग्स के साथ एक नाईजीरियन गिरफ्तार...



**नालासोपारा :** पिछले कई माह से तुलिंज पुलिस द्वारा नालासोपारा पूर्व क्षेत्र में नाईजीरियन के पास से लाखों रुपए एम.डी. ड्रग्स की खेप जप्त कर उनके खिलाफ केस दर्ज कर रही है। इसी कड़ी में फिर तुलिंज पुलिस ने एक 45 वर्षीय नाईजीरियन को 3 लाख से अधिक रुपए का एम.डी. ड्रग्स जप्त की है तथा उसके ऊपर तुलिंज थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीकरण कर आगे की विवेचना में जुट गयी है। मिली जानकारी के अनुसार, तुलिंज पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक 45 वर्षीय नाईजीरियन शख्स एम.डी. ड्रग्स (मेफेड्रॉन) लेकर नालासोपारा पूर्व के तुलिंज ब्रिज के नीचे बेचने आने वाला है।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com